प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक: 23.09.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रदेश में जीएसटी बचत उत्सव के दौरान व्यापारियों से पुराने स्टॉक को भी नई जीएसटी दरों से बेचने की अपील।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज गुजरात के गांधीनगर में स्टार्टअप सम्मेलन का उद्‌घाटन करेंगे–एक हजार से ज्यादा स्टार्टअप और पांच हजार इनोवेटर्स जुटेंगे।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा में राष्ट्रीय दशहरा मेले का शुभारम्भ किया–मेलों को स्वदेशी का आधार स्तम्भ बताया।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में 71 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान करेंगी।

00000

प्रदेश में कल से शुरू हुए जीएसटी बचत उत्सव के तहत ज्यादा से ज्यादा लोगों को जीएसटी सुधारों की जानकारी दी जा रही है। 29 सितम्बर तक चलने वाले इस उत्सव के दौरान व्यापारियों को कर राहत का लाभ सीधे ग्राहकों तक पंहुचाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में शिक्षा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कल कोटा में जीएसटी बचत उत्सव चर्चा में भाग लिया। कार्यक्रम मेें ऊर्जा मंत्री हीरा लाल नागर भी मौजूद रहे। उन्होंने व्यापारियों से पुराने स्टॉक की वस्तुओं को भी नई जीएसटी दरों से बेचने की अपील की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जीएसटी सरलीकरण और टैक्स स्लैब में बदलाव को एतिहासिक बताया है। श्री शर्मा ने कल जयपुर के मानसरोवर में जीएसटी बचत उत्सव के तहत व्यापारियों और लोगों को जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रतिष्ठानों पर जीएसटी बचत उत्सव के स्टीकर्स लगाये और लोगों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और उपभोक्ताओं को जीएसटी के नए टैक्स स्लैब का सीधा लाभ मिलेगा।

......

मुख्यमंत्री ने कल जयपुर में महारानी फार्म–मानसरोवर लिंक ब्रिज के नवीनीकरण कार्य का भी लोकार्पण किया। लगभग 6 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुलिया के नये निर्माण कार्य के अंतर्गत इसकी उंचाई बढाई गई है। इससे बारिश के मौसम में पुलिया पर द्रव्यवती नदी के पानी का बहाव नहीं होगा। इससे यातायात सुचारू होगा और आमलोगों को राहत मिलेगी।

0000

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज गुजरात में गांधीनगर के महात्मा मंदिर में स्टार्टअप सम्मेलन 2025 का उद्‌घाटन करेंगे। दो दिन के इस सम्मेलन में 1 हजार से ज़्यादा स्टार्टअप, 5 हजार इनोवेटर्स, 100 उद्योग विशेषज्ञ, 50 से ज़्यादा वेंचर फंड और अग्रणी नीति निर्माता एकत्रित होंगे। इसका उद्देश्य शुरुआती चरण के उद्यमों और शीर्ष निवेशकों के बीच संपर्क सुगम बनाना है, जहाँ 50 चुने हुए स्टार्टअप अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। इस कार्यक्रम में 20 राज्यों के 170 से ज़्यादा स्टार्टअप भी शामिल होंगे। इससे पहले केन्द्रीय गृह मंत्री ने कल एक निजी टीवी चैनल को दिये साक्षात्कार में कहा कि देश की रक्षा नीति हमेशा कूटनीति से प्रभावित रही है और प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में रक्षा नीति को प्राथमिकता मिली है।

.....

0000

केन्द्र सरकार ने चालू वित्तवर्ष के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 25 लाख अतिरिक्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने का फैसला किया है। नवरात्रि के पहले दिन कल महिला लाभार्थियों का अभिवादन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार का यह कदम महिला सशक्तिकरण के संकल्प को और मजबूत करेगा। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि सरकार प्रत्येक नए कनेक्शन पर दो हजार से अधिक रुपये खर्च करेगी।

.....

0000

स्वस्थ्य भारत विकसित भारत संकल्प के तहत शुरू किये गये स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान से प्रदेश में बड़ी संख्या में महिलाओं को फायदा मिल रहा है। इसी कडी में करौली जिले में चल रहे स्वास्थ्य शिविरों में महिलाओं किशोरियों और बालिकाओं की निशुल्क जांच की जा रही है।

.....

सेवा पखवाडे के तहत आज अजमेर में स्वच्छता रैली निकाली गई। आयकर विभाग के इस आयोजन में अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बडी संख्या में आमजन भी शामिल हुए। सेवा पखवाडे के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में आज स्कूली बच्चों को यूनिफॉर्म के पेटे राशि हस्तान्तरित की जायेगी।

0000

प्रदेश में शिक्षा विभाग में बडा फैरबदल किया गया है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने एक आदेश जारी करते हुए साढे चार हजार से अधिक प्रधानाचार्यो का तबादला कर दिया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने कल रात ये सूची जारी की।

000

दसवां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस आज अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान गोवा में मनाया जाएगा। इस समारोह का उद्‌घाटन केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव करेंगे। इस वर्ष आयुर्वेद दिवस का विषय "आयुर्वेद जन–जन के लिए, आयुर्वेद पृथ्वी के लिए" स्वास्थ्य और पारिस्थितिक संतुलन में आयुर्वेद के योगदान पर प्रकाश डालेगा। इस अवसर पर आयुर्वेद के क्षेत्र में विशिष्ट योगदानकर्ताओं को राष्ट्रीय धन्वंतरि आयुर्वेद पुरस्कार 2025 प्रदान किए जाएँगे। प्रदेश में भी राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के मौके पर कई कार्यक्रम होंगे। करौली में निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित किया जा रहा है।

000000

कोटा में राष्ट्रीय दशहरा मेले की कल से रंगारंग शुरूआत हुई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ध्वजारोहण कर मेले के औपचारिक शुभारम्भ की घोषणा की। इस मौके पर श्री बिरला ने कहा कि हमारे मेले स्वदेशी का आधार स्तम्भ हैं। उन्होंने कहा कि हमारे स्वदेशी उत्पादों की ताकत दुनिया में बढ रही है। इनकी ताकत से हम आत्मनिर्भरता की ओर बढ रहे। इसके साथ लोगों को आर्थिक बचत भी हो रही है। उन्होंने लोगों से मेले में ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी वस्तुएं खरीदने का आग्रह किया।

.....

000000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में 71 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार हिंदी फिल्म 12वीं फेल को और सर्वश्रेष्ठ हिन्दी फिल्म का पुरस्कार कटहल को दिया जाएगा।

सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार शाहरुख खान को जवान फिल्म के लिए और विक्रांत मैसी को 12वीं फेल के लिए संयुक्त रूप से दिया जाएगा। अभिनेता, निर्देशक और निर्माता मोहनलाल को वर्ष 2023 के लिए बहुप्रतिष्ठित दादासाहेब फाल्के पुरस्कार दिया जाएगा। अभिनेत्री रानी मुखर्जी को श्रीमती चटर्जी बनाम नॉर्वे फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिलेगा। हिंदी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। सैम बहादुर को राष्ट्रीय, सामाजिक और पर्यावरणीय मूल्यों को बढ़ाने वाली सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म चुना गया है।

0000